**Series AB3CD/1**

**Set - 1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/1/1**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **21+1** मानचित्र हैं।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **21** printed pages + **1** Map.
- Please check that this question paper contains **37** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it**.
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

1. *इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*
2. *प्रश्न-पत्र **छः** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ, ङ** एवं **च**।*
3. ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*
4. ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **21** से **24** अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*
5. ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **25** से **29** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*
6. ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **30** से **33** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*
7. ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** से **36** **केस-आधारित/स्रोत-आधारित** प्रश्न हैं, जिनमें 3 उप-प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*
8. ***खण्ड च** – प्रश्न संख्या **37** **मानचित्र कौशल आधारित** प्रश्न है, जिसमें दो भाग हैं- **37(i)** इतिहास (**2** अंक) और **37(ii)** भूगोल (**3** अंक)। इस प्रश्न के कुल 5 अंक हैं।*
9. *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

## खण्ड – क

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)** **(20×1 = 20)**

**1.** निम्नलिखित में से किस देश से ज्युसेपे गैरीबाल्डी का संबंध था ? **1**

(a) ऑस्ट्रिया (b) इटली

(c) यूनान (d) स्पेन

**2.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** हैं। दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

**अभिकथन (A) :** 1871 के बाद यूरोप में राष्ट्रवादी तनाव का सबसे गंभीर स्रोत बाल्कन था।

**कारण (R) :** बाल्कन का एक बड़ा हिस्सा ऑटोमन साम्राज्य के नियंत्रण में था। **1**

**विकल्प :**

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

***GENERAL INSTRUCTIONS :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

1. *This question paper contains **37** questions. **All** questions are compulsory.*
2. *Question paper is divided into **SIX** sections – **Section A, B, C, D, E** and **F**.*
3. ***Section A** – question number **1** to **20** are multiple choice type questions. Each question carries **1** mark.*
4. ***Section B** – question number **21** to **24** are Very Short Answer type questions. Each question carries **2** marks. Answer to these questions should not exceed **40** words.*
5. ***Section C** – question number **25** to **29** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Answer to these questions should not exceed **60** words.*
6. ***Section D** – question number **30** to **33** are Long Answer(LA) type questions. Each question carries **5** marks. Answer to these questions should not exceed **120** words.*
7. ***Section E** – question number **34** to **36** are **Case-based/Source-based** questions with three sub-questions. Each question carries **4** marks.*
8. *In **Section F** – question number **37** is Map skill based question with two parts – **37(i)** History (**2** marks) and **37(ii)** Geography (**3** marks). This question carries total 5 marks.*
9. *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION – A

**(Multiple Choice Questions)** **(20×1 = 20)**

**1.** From which of the following countries Giuseppe Garibaldi belonged to ? **1**

(a) Austria (b) Italy
(c) Greece (d) Spain

**2.** Two statements are given below. They are **Assertion (A)** and **Reason (R)**. Read both the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** The most serious source of nationalist tension in Europe after 1871 was Balkan.

**Reason (R) :** A large part of the Balkan was under the control of Ottoman Empire. **1**

**Options :**

(a) Both, (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(b) Both, (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(c) (A) is true but (R) is false.
(d) (A) is false but (R) is true.

**3.** निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. कुस्तुनतुनिया की संधि
II. नेपोलियन की हार
III. इटली का एकीकरण
IV. जर्मनी का एकीकरण **1**

**विकल्प :**

(a) I, II, IV और III
(b) II, III, I और IV
(c) II, I, IV और III
(d) IV, I, III और II

**4.** भारतीय राष्ट्रवाद से संदर्भित निम्नलिखित में से कौन–सा जोड़ा सुमेलित है? **1**

| | **नेता** | | **योगदान** |
|---|---|---|---|
| (a) | सरदार पटेल | : | हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी |
| (b) | भगत सिंह | : | स्वराज पार्टी |
| (c) | सी.आर. दास | : | बारदोली सत्याग्रह |
| (d) | जवाहर लाल नेहरू | : | अवध किसान सभा |

**5.** सही सुमेलित जोड़े का चयन कीजिए। **1**

(a) लौह धातु – प्राकृतिक गैस
(b) अलौह धातु – निकल
(c) अधात्विक खनिज – बलुआ पत्थर
(d) ऊर्जा खनिज – कोबाल्ट

**6.** दिए गए कथनों को पढ़िए और निम्नलिखित में से रबी शस्य ऋतु के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. रबी फसलों को शीत ऋतु में बोया जाता है।
II. इन्हें अक्टूबर से दिसंबर में बोया जाता है और अप्रैल से जून में काटा जाता है।
III. इसकी मुख्य फसलें मक्का, कपास और जूट हैं।
IV. पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश गेहूँ उत्पादन के महत्त्वपूर्ण राज्य हैं। **1**

**विकल्प :**

(a) I, III और IV
(b) II, III और IV
(c) I, II और IV
(d) I, II और III

**7.** निम्नलिखित जानकारी की सहायता से मृदा की पहचान कीजिए।

- यह उच्च तापमान वाले क्षेत्रों में विकसित होती है।
- यह भारी वर्षा से अत्यधिक विक्षालन का परिणाम है।
- इसमें ह्यूमस की मात्रा कम पाई जाती है। **1**

**मृदा :**

(a) मरुस्थली मृदा
(b) पीली मृदा
(c) लैटेराइट मृदा
(d) काली मृदा

**3.** Arrange the following events in chronological order and choose the correct option from the following :

I. Treaty of Constantinople    II. Defeat of Napoleon
III. Unification of Italy    IV. Unification of Germany    **1**

**Options :**

(a) I, II, IV and III    (b) II, III, I and IV
(c) II, I, IV and III    (d) IV, I, III and II

**4.** Which one of the following pairs regarding Indian nationalism is correctly matched ?    **1**

| | **Leaders** | | **Contribution** |
|---|---|---|---|
| (a) | Sardar Patel | : | Hindustan Socialist Republican Army |
| (b) | Bhagat Singh | : | Swaraj Party |
| (c) | C.R. Das | : | Bardoli Satyagraha |
| (d) | Jawahar Lal Nehru | : | Oudh Kisan Sabha |

**5.** Choose the correctly matched pair.    **1**

(a) Ferrous – Natural Gas
(b) Non-Ferrous – Nickel
(c) Non-Metallic Minerals – Limestone
(d) Energy Minerals – Cobalt

**6.** Read the given statements and choose the correct option with regard to Rabi cropping season from the following :

I. Rabi crops are sown in winter.
II. Sown from October to December and harvested from April to June.
III. Important crops are Maize, Cotton, Jute.
IV. Punjab, Haryana, Uttar Pradesh are important for the production of wheat.    **1**

**Options :**

(a) I, III and IV    (b) II, III and IV
(c) I, II and IV    (d) I, II and III

**7.** Identify the soil with the help of following information.

• It develops in areas with high temperature.
• It is the result of intense leaching due to heavy rain.
• Humus content is low.    **1**

**Soil :**

(a) Arid soil    (b) Yellow soil
(c) Laterite soil    (d) Black soil

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द महिलाओं की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समानता में विश्वास और उसकी वकालत करने से संबंधित है ? **1**

(a) पितृसत्ता (b) मातृसत्ता

(c) समाजवाद (d) नारीवाद

**9.** दिए गए कथनों को पढ़िए :

- भारत का कोई भी राजकीय धर्म नहीं है।
- भारत में सभी समुदायों को किसी भी धर्म का पालन करने और प्रचार करने की आजादी है।

उपर्युक्त कथनों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा संवैधानिक शब्द उपयोग किया गया है ? **1**

(a) गणतंत्र (b) पंथनिरपेक्ष

(c) संप्रभुता (d) समाजवाद

**10.** **स्तंभ I** का मिलान **स्तंभ II** से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| **स्तंभ I (सूची)** | **स्तंभ II (अधिकार क्षेत्र)** |
|---|---|
| I. केन्द्रीय सूची के विषय | A. इन विषयों पर सिर्फ राज्य सरकारें कानून बनाती हैं। |
| II. राज्य सूची के विषय | B. एकरूपता के लिए केन्द्र सरकार इन पर कानून बनाती है। |
| III. समवर्ती सूची के विषय | C. केन्द्र और राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र के तहत विषय। |
| IV. बाकी बचे विषय | D. नए विषयों पर केन्द्र सरकार कानून बनाती है। |

**1**

| | **I** | **II** | **III** | **IV** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | A | B | C | D |
| (b) | C | D | A | B |
| (c) | D | C | B | A |
| (d) | B | A | C | D |

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा ब्रुसेल्स में अलग सरकार बनाने में बेल्ज़ियम का प्राथमिक उद्देश्य था ? **1**

(a) सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देना।

(b) अंतर्राष्ट्रीय संबंधों का प्रबंधन करना।

(c) स्थानीय कानूनों को लागू करना।

(d) भाषायी समायोजन सुनिश्चित करना।

**8.** Which of the following term refers to the belief in and advocacy for the social, political and economic equality of women ? **1**

(a) Patriarchy (b) Matriarchy

(c) Socialist (d) Feminists

**9.** Read the given statements :

- India has no official religion.
- All the communities have freedom to profess and practice any religion in India.

Which one of the following constitutional term is used for the above statements ? **1**

(a) Republic (b) Secular

(c) Sovereign (d) Socialist

**10.** Match the **Column I** with **Column II** and choose the correct option : **1**

| Column I (List) | Column II (Jurisdiction Sphere) |
|---|---|
| I. Union list subjects | A. State Governments alone make laws on it. |
| II. State list subjects | B. For uniformity Central Government Legislates on it. |
| III. Concurrent subjects | C. Subjects under Jurisdiction of Centre and State Governments. |
| IV. Residuary subjects | D. Central Government legislates on new subjects. |

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (a) | A | B | C | D |
| (b) | C | D | A | B |
| (c) | D | C | B | A |
| (d) | B | A | C | D |

**11.** Which of the following was the primary objective of Belgium to form the separate government in Brussels ? **1**

(a) Promoting cultural events.

(b) Managing international relations.

(c) Enforcing local laws.

(d) Ensuring linguistic accommodation.

**12.** निम्नलिखित में से किस देश में दो–दलीय प्रणाली है ? **1**

(a) चीन (b) ब्रिटेन
(c) भारत (d) पाकिस्तान

**13.** लोकतांत्रिक देश में 'नियंत्रण और संतुलन' की क्या भूमिका है ? निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। **1**

(a) प्रतिनिधियों के बिना सरकार का प्रत्यक्ष रूप स्थापित करना।
(b) अधिनायकवाद को रोकने के लिए शक्तियों का पृथक्करण करना।
(c) संविधान में किसी भी बदलाव को रोकना।
(d) सरकार की एक शाखा के लिए पूर्ण शक्ति सुनिश्चित करना।

**14.** मान लीजिए एक परिवार के सदस्यों की मासिक आय क्रमशः निम्नलिखित है :

• माता – रु. 50,000/– • पिता – रु. 40,000/–
• पुत्र – रु. 20,000/– • पुत्री – रु. 20,000/–

इस परिवार की औसत मासिक आय होगी : **1**

(a) रु. 32,000/– (b) रु. 30,000/–
(c) रु. 32,500/– (d) रु. 33,000/–

**15.** विकास के संबंध में विश्व बैंक निम्नलिखित में से किस सूचक को प्राथमिकता देता है ? **1**

(a) शिशु मृत्युदर (b) समानता
(c) शरीर द्रव्यमान सूचकांक (d) प्रति व्यक्ति आय

**16.** रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।

सरकार द्वारा व्यापार और वाणिज्य पर अवरोधों अथवा प्रतिबंधों को हटाने की प्रक्रिया ________________ के नाम से जानी जाती है। **1**

(a) विनिवेश (b) विशेष आर्थिक क्षेत्र
(c) उदारीकरण (d) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश

**17.** निम्नलिखित में से कौन–सा संगठित क्षेत्र की गतिविधियों का उदाहरण है ? **1**

(a) एक किसान का अपने खेतों की सिंचाई करना।
(b) हथकरघा बुनकर का अपने घर में काम करना।
(c) सिर पर बोझ उठाने वाले श्रमिक का सीमेंट लादना।
(d) सरकारी स्कूल में शिक्षक का क्लास लेना।

**12.** Which one of the following countries has two-party system ? **1**

(a) China (b) United Kingdom

(c) India (d) Pakistan

**13.** What role do 'checks and balances' play in a democratic country ? Choose the most suitable option from the following. **1**

(a) To establish a direct form of government without representatives.

(b) To create a separation of powers to prevent from authoritarianism.

(c) To prevent any change to the Constitution.

(d) To ensure absolute power for one branch of government.

**14.** Suppose, the monthly income of the family members is as follows respectively :

• Mother – Rs. 50,000/- • Father – Rs. 40,000/-

• Son – Rs. 20,000/- • Daughter – Rs. 20,000/-

The average income of the family would be : **1**

(a) Rs. 32,000/- (b) Rs. 30,000/-

(c) Rs. 32,500/- (d) Rs. 33,000/-

**15.** Which one of the following indices is given priority by the World Bank with respect to development ? **1**

(a) Infant Mortality Rate (b) Equality

(c) Body Mass Index (d) Per Capita Income

**16.** Choose the correct option to fill the blank.

Removing barriers or restrictions on business and trade set by the government is called as ________________ . **1**

(a) Disinvestment (b) Special Economic Zones

(c) Liberalisation (d) Foreign Direct Investment

**17.** Which one of the following is an example of organized sector activities ? **1**

(a) A farmer irrigating his field.

(b) A handloom weaver working in her house.

(c) A headload worker carrying cement.

(d) A teacher taking classes in a government school.

**18.** निम्नलिखित में से एक समृद्ध किसान के विकास के लक्ष्य कौनसे हैं ? दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कीजिए।

I. बेहतर मजदूरी | II. फसलों का अधिक समर्थन मूल्य
III. उच्च पारिवारिक आय | IV. कार्य के लिए अधिक दिन **1**

**विकल्प :**

(a) केवल I व II सही हैं। (b) केवल II व IV सही हैं।
(c) केवल II व III सही हैं। (d) केवल I व IV सही हैं।

**19.** ऋण देने से पहले ऋणदाताओं को अकसर समर्थक ऋणाधार की आवश्यकता क्यों होती है ? निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। **1**

(a) उधारकर्ताओं के लिए ब्याजदर कम करने के लिए।
(b) व्यक्तिगत संबंध बनाने के लिए।
(c) अपने लाभ को बढ़ाने के लिए।
(d) ऋण चूक के जोखिम को कम करने के लिए।

**20.** दी गई तस्वीर को ध्यानपूर्वक देखिए और बैंक की आय का निष्कर्ष निकालिए।




निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

(a) बैंक के द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक में जमा किए गए धन और लिए गए ऋण का अंतर।
(b) कर्ज़दार से लिए गए ब्याज और जमाकर्ताओं को दिए गए ब्याज की रकम के बीच का अंतर।
(c) बैंक द्वारा कर्ज़दारों से लिए गए ऋण की दर और जमाकर्ता को दिए गए ऋण की दर का अंतर।
(d) जमाकर्ता द्वारा जमा किए गए धन और कर्ज़दार द्वारा लिए गए ऋण का अंतर।

**नोट** : निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर** है।

भारत में निम्नलिखित में से कौन ऋण के औपचारिक स्रोतों की कार्यप्रणाली पर नज़र रखता है? **1**

(a) भारतीय रिज़र्व बैंक (b) भारतीय स्टेट बैंक
(c) राष्ट्रीय विकास परिषद (d) राष्ट्रीय वित्त आयोग

**18.** Which of the following are developmental goals of a prosperous farmer ? Choose the correct from the given options.

I. Better wages
II. Higher support prices for crops
III. Assured high family income
IV. More days for work **1**


**Options :**

(a) Only I and II are correct.
(b) Only II and IV are correct.
(c) Only II and III are correct.
(d) Only I and IV are correct.

**19.** Why do lenders often require collateral before lending loan ? Choose the most suitable option from the following. **1**

(a) To lower interest rates for borrowers.
(b) To establish personal relations.
(c) To increase their profit margins.
(d) To mitigate the risk of loan default.

**20.** Look at the given picture carefully and infer the income of the bank.




Choose the correct option from the following. **1**

(a) The difference between the amount deposited and borrowed by the bank to Reserve Bank of India.
(b) The difference of amount of interest between what is charged from borrowers and what is paid to depositors.
(c) The difference of interest rate between what is charged from borrowers and what is charged from depositor.
(d) The difference between the amount deposited by the depositor and borrowed by the borrower.

**Note :** The following question is **for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 20.**

Which one of the following supervise the functioning of formal sources of loan in India ? **1**

(a) Reserve Bank of India (b) State Bank of India
(c) National Development Council (d) National Finance Commission

### खण्ड – ख

**(अति लघु–उत्तरीय प्रश्न)** **(4×2 = 8)**

**21.** ''आधुनिक काल से पहले के युग में दुनिया के दूर स्थित भागों के बीच व्यापारिक और सांस्कृतिक संपर्कों का जीवंत उदाहरण सिल्क मार्ग था।'' इस कथन की व्याख्या किन्हीं दो उदाहरणों सहित कीजिए। **2**

**22.** **(A)** वन संरक्षण के लिए कोई दो उपाय सुझाइए। **2**

**अथवा**

**(B)** वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कोई दो उपाय सुझाइए। **2**

**23.** सत्ता की साझेदारी क्यों जरूरी है? स्पष्ट कीजिए। **2**

**24.** सार्वजनिक और निजी क्षेत्रक के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। **2**

### खण्ड – ग

**(लघु–उत्तरीय प्रश्न)** **(5×3 = 15)**

**25.** **(A)** किन्हीं तीन कारणों का वर्णन कीजिए जो असहयोग आंदोलन के लिए उत्तरदायी थे। **3**

**अथवा**

**(B)** 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' के किन्हीं तीन कारणों का वर्णन कीजिए। **3**

**26.** 'विनिर्माण उद्योग आर्थिक विकास की रीढ़ समझे जाते हैं।' इस कथन को न्यायसंगत ठहराइये। **3**

**27.** लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। **3**

**28.** आर्थिक गतिविधियों के लिए ऋण किस प्रकार आवश्यक है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। **3**

**29.** धारणीयता का विषय विकास के लिए किस प्रकार महत्त्वपूर्ण है ? स्पष्ट कीजिए। **3**

### खण्ड – घ

**(दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)** **(4×5 = 20)**

**30.** **(A)** उन्नीसवीं शताब्दी के आरंभिक वर्षों में 'उदारवाद' की विचारधारा ने यूरोप को किस प्रकार प्रभावित किया ? स्पष्ट कीजिए। **5**

**अथवा**

**(B)** 'यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन' के गठन की प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए। **5**

**31.** **(A)** आर्थिक विकास के लिए ऊर्जा किस प्रकार एक आधारभूत आवश्यकता है ? स्पष्ट कीजिए। **5**

**अथवा**

**(B)** ऊर्जा के परम्परागत स्रोत किस प्रकार अपरम्परागत स्रोत से भिन्न हैं ? स्पष्ट कीजिए। **5**

**32.** **(A)** लोकतांत्रिक सरकारें, अन्य शासन व्यवस्थाओं की तुलना में किस प्रकार बेहतर हैं ? स्पष्ट कीजिए। **5**

## SECTION – B

**(Very Short Answer Type Questions)** **(4×2 = 8)**

**21.** "The Silk route was a good example of vibrant pre-modern trade and cultural links between distant parts of the world." Explain the statement with any two examples. **2**

**22.** **(A)** Suggest any two measures for the conservation of forest. **2**

**OR**

**(B)** Suggest any two measures for the conservation of wildlife. **2**

**23.** Why is power sharing desirable ? Explain. **2**

**24.** Differentiate between Public and Private Sector. **2**

## SECTION – C

**(Short Answer Type Questions)** **(5×3 = 15)**

**25.** **(A)** Describe any three causes that led to the Non–Cooperation Movement. **3**

**OR**

**(B)** Describe any three causes of 'Civil Disobedience Movement.' **3**

**26.** 'Manufacturing industries are considered the backbone of economic development.' Justify the statement. **3**

**27.** Analyse the role of political parties in a democracy. **3**

**28.** How is credit essential for economic activities ? Explain with examples. **3**

**29.** How is the issue of sustainability important for development ? Explain. **3**

## SECTION – D

**(Long Answer Type Questions)** **(4×5 = 20)**

**30.** **(A)** How did the ideology of 'liberalism' affect the Europe in early nineteenth century ? Explain. **5**

**OR**

**(B)** Explain the process of formation of 'United Kingdom of Great Britain'. **5**

**31.** **(A)** How is energy a basic requirement for economic development ? Explain. **5**

**OR**

**(B)** How are conventional sources of energy different from non–conventional sources ? Explain. **5**

**32.** **(A)** How are democratic governments better than other forms of government ? Explain. **5**

**अथवा**

**(B)** लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाएं किस प्रकार शांति और सद्‌भाव का जीवन जीने में नागरिकों के लिए मददगार साबित होती हैं ? स्पष्ट कीजिए। **5**

**33.** **(A)** ''विभिन्न देशों के बीच परस्पर संबंध और तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया ही वैश्वीकरण है।'' इस कथन की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। **5**

**अथवा**

**(B)** 'प्रौद्योगिकी की उन्नति ने वैश्वीकरण की प्रक्रिया को उत्प्रेरित किया है।' इस कथन की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। **5**

## खण्ड – ङ

### (केस–आधारित/स्रोत–आधारित प्रश्न) (3×4 = 12)

**34.** निम्नलिखित स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**मुद्रित शब्द**

मर्सिए ने अपनी एक किताब में छपे शब्द की ताक़त को यूँ बयान किया :

'अगर किसी ने मुझे पढ़ते देखा होगा तो उसने मुझे उस प्यासे की तरह पाया होगा जो शुद्ध ताज़ा पानी मिलने पर गटगट पीने लगता है... बड़े एहतियात से लालटेन जलाने के बाद मैं खुद को किताबों में डुबो देता था। और वाक और अर्थ के प्रवाह में मैं पन्ना–दर–पन्ना बहता चला जाता था, अनायास और अनजाने। ख़ामोशी के साये में घड़ियाल हर घंटे बजता चला जाता था, पर मुझे सुनाई नहीं पड़ता था। तेल ख़त्म होने से मेरी लालटेन की लौ पीली पड़ने लगती थी, पर मैं था कि पढ़ता जाता। मैं बत्ती उठाने की ज़हमत भी नहीं लेता था, कि मेरे आनंद में व्यवधान न पड़े। और वे नए विचार किस वेग से मेरे सिर में घुसते थे। मेरी बुद्धि कैसे उन्हें आत्मसात करती थी!'

34.1 यह स्रोत मर्सिए की पढ़ने की गहन प्रकृति को किस प्रकार दर्शाता है ? **1**

34.2 मर्सिए ने अपने आप को आभासी लेखक क्यों वर्णित किया ? **1**

34.3 पढ़ने ने मर्सिए की बौद्धिक क्षमता और नई अवधारणाओं के साथ उसके जुड़ाव को कैसे प्रभावित किया ? किन्हीं दो बिंदुओं की व्याख्या कीजिए। **2**

**OR**

**(B)** How do democracies lead to peaceful and harmonious life among citizens ? Explain. **5**

**33.** **(A)** "Globalisation is the process of rapid integration or interconnection between countries." Explain the statement with examples. **5**

**OR**

**(B)** 'Improvement in technology has stimulated the globalisation process.' Explain the statement with examples. **5**

## SECTION – E

**(Case-based/Source-based Questions)** **(3×4 = 12)**

**34.** Read the following source carefully and answer the questions that follow :

**Printed Words**

This is how Mercier describes the impact of the printed word, and the power of reading in one of his books :

'Anyone who had seen me reading would have compared me to a man dying of thirst who was gulping down some fresh, pure water.... Lighting my lamp with extraordinary caution, I threw myself hungrily into the reading. An easy eloquence, effortless and animated, carried me from one page to the next without my noticing it. A clock struck off the hours in the silence of the shadows, and I heard nothing. My lamp began to run out of oil and produced only a pale light, but still I read on. I could not even take out time to raise the wick for fear of interrupting my pleasure. How those new ideas rushed into my brain! How my intelligence adopted them!'

34.1 How does the passage reflect the immersive nature of reading of Mercier ? **1**

34.2 Why did Mercier describe himself as a virtual writer ? **1**

34.3 How did reading influence Mercier's intellectual capacity and his engagement with new concepts ? Explain in any two points. **2**

**35.** निम्नलिखित स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**बाढ़**



**बुनियादी सुरक्षा सावधानियाँ लेनी होंगी :**

- रेडियो/टेलीविज़न पर नवीनतम मौसम बुलेटिन और बाढ़ चेतावनियों को सुनना। सूचनाओं को दूसरों को संप्रेषित करना।
- परिवार की एक आपातकालीन किट बनाना जिसमें एक वहनीय (पोर्टेबल) रेडियो/ट्रांजिस्टर, बैटरी (टॉर्च), अतिरिक्त बैटरी, आवश्यक औषधियों के साथ फर्स्ट एड बॉक्स, ओ.आर.एस., सूखे मेवा, पीने का पानी, दियासलाई, मोमबत्ती और दूसरे जरूरी सामान हों।
- हरिकेन लैंप, रस्सी, रबड़ ट्यूब, छाता और बांस की छड़ी अपने घर में रखिए, ये लाभदायक होंगी।
- अपनी नकदी, जेवरात, मूल्यवान, महत्त्वपूर्ण कागजात आदि को एक सुरक्षित स्थान पर रखिए।
- यदि बाढ़ आ जाए तो अपने परिवार के सदस्यों और पशुओं के साथ सुरक्षित स्थान जैसे सहायता कैंप, निकासी केन्द्र, ऊँचाई वाले मैदानों में चले जाएं, जहाँ आप आश्रय ले सकें।
- घर छोड़ने से पूर्व बिजली के स्विच और गैस कनेक्शन को बंद कर दें।

**बाढ़ के दौरान :**

- बाढ़ के पानी में न घुसें; यह खतरनाक हो सकता है।
- बच्चों को बाढ़ के पानी में या उसके समीप न खेलने दें।
- सिवरेज लाइन, नाले-नालियों, पुलिया आदि से दूर रहें।
- सांप आदि से सावधान रहें; सांप का काटना बाढ़ के दौरान सामान्य बात है।
- बिजली के खंभों से दूर रहें और गिरे हुए बिजली के तारों से दूर रहें।
- गीले बिजली के सामानों से दूर रहें; उनका उपयोग करने से पूर्व उनकी जाँच कर लें।
- ताज़ा पका हुआ खाना और सूखे मेवा खाएं। हमेशा अपने खाने का ढक कर रखें।
- गर्म किए हुए और फिल्टर्ड पानी का उपयोग करें।
- अपने घर के समीप सभी नाले-नालियों को साफ रखें।
- रुके हुए पानी से रोग वाहक/जल जनित रोग उत्पन्न हो सकते हैं। बीमारी की अवस्था में मेडिकल सहायता लें।
- ब्लीचिंग पाउडर और नींबू का उपयोग करें और आसपास के इलाके को विसंक्रामक रखें।

**35.** Read the following source carefully and answer the questions that follow :

**FLOODS**

**Basic safety Precautions To Be Taken :**



- Listen to radio/TV for the latest weather bulletins and flood warnings. Pass on the information to others.
- Make a family emergency kit which should include; a portable radio/transistor, torch, spare batteries, a first aid box along with essential medicines, ORS, dry food items, drinking water, matchboxes, candles and other essential items.
- Keep hurricane lamp, ropes, rubber tubes, umbrella and bamboo stick in your house. These could be useful.
- Keep your cash, jewellery, valuables, important documents etc. in a safe place.
- If there is a flood, move along with your family members and cattle to safe areas like relief camps, evacuation centers, elevated grounds where you can take shelter.
- Turn off power and gas connections before leaving your house.

**During floods :**

- Don't enter into flood waters; it could be dangerous.
- Don't allow children to play in or near flood waters.
- Stay away from sewerage line, gutters, drains, culverts etc.
- Be careful of snakes; snakebites are common during floods.
- Stay away from electric poles and fallen power–lines to avoid electrocution.
- Don't use wet electrical appliances-get them checked before use.
- Eat freshly cooked and dry food. Always keep your food covered.
- Use boiled and filtered drinking water.
- Keep all drains, gutters near your house clean.
- Stagnation of water can breed vector/water–borne diseases. In case of sickness, seek medical assistance.
- Use bleaching powder and lime to disinfect the surroundings.

35.1 किन्हीं दो आवश्यक वस्तुओं का उल्लेख कीजिए जिन्हें 'पारिवारिक आपातकालीन किट' में शामिल किया जाना चाहिए। **1**

35.2 बाढ़ की स्थिति में पारिवारिक आपातकालीन किट की वस्तुएं क्यों महत्त्वपूर्ण हैं ? **1**

35.3 बाढ़ आने पर आपके परिवार और सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के क्या अनुशंसित कार्य हैं? किन्हीं दो का वर्णन कीजिए। **2**

**36.** निम्नलिखित स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**स्थानीय सरकार**

स्थानीय सरकारों की नयी व्यवस्था दुनिया में लोकतंत्र का अब तक का सबसे बड़ा प्रयोग है। पूरे देश में ग्राम-पंचायतों और नगरपालिका आदि में करीब 36 लाख चुने हुए प्रतिनिधि हैं। यह संख्या ही अपने आप में दुनिया के कई देशों की कुल आबादी से ज़्यादा है। स्थानीय सरकारों को संवैधानिक दर्ज़ा दिए जाने से हमारे यहाँ लोकतंत्र की जड़ें और मज़बूत हुई हैं। इसने महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के साथ ही हमारे लोकतंत्र में उनकी आवाज़ को मज़बूत किया है। बहरहाल, इन सबके बावजूद अभी भी अनेक परेशानियाँ कायम हैं। पंचायतों के चुनाव तो नियमित रूप से होते हैं और लोग बड़े उत्साह से इनमें हिस्सा भी लेते हैं लेकिन ग्राम सभाओं की बैठकें नियमित रूप से नहीं होतीं। अधिकांश राज्य सरकारों ने स्थानीय सरकारों को पर्याप्त अधिकार नहीं दिए हैं और न ही पर्याप्त संसाधन दिए हैं। इस प्रकार हम स्वशासन की आदर्श स्थिति से काफ़ी दूर हैं।

36.1 पंचायतों में निर्वाचित प्रतिनिधियों के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए। **1**

36.2 लोकतंत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व स्थानीय सरकार की संवैधानिक स्थिति से किस प्रकार प्रभावित हुआ है ? **1**

36.3 स्थानीय सरकार को संवैधानिक दर्ज़ा देने का देश के लोकतांत्रिक परिदृश्य पर क्या प्रभाव पड़ा है ? किन्हीं दो प्रभावों का विश्लेषण कीजिए। **2**

35.1 Mention any two essential items that should be included in a 'family emergency kit'. **1**

35.2 Why are the items of family emergency kit important during flood situation ? **1**

35.3 In case of a flood, what are the recommended actions to ensure the safety of your family and belongings ? Describe any two. **2**

**36.** Read the following source carefully and answer the questions that follow :

**LOCAL GOVERNMENT**

This new system of local government is the largest experiment in democracy conducted anywhere in the world. There are now about 36 lakh elected representatives in the panchayats and municipalities etc., all over the country. This number is bigger than the population of many countries in the world. Constitutional status for local government has helped to deepen democracy in our country. It has also increased women's representation and voice in our democracy. At the same time, there are many difficulties. While elections are held regularly and enthusiastically, gram sabhas are not held regularly. Most state governments have not transferred significant powers to the local governments. Nor have they given adequate resources. We are thus still a long way from realising the ideal of self–government.

36.1 Analyse the significance of the elected representatives in the Panchayats. **1**

36.2 In what way has the representation of women in democracy influenced by Constitutional status for local government ? **1**

36.3 What has been the impact of granting Constitutional status to local government on the democratic landscape of the country ? Analyse any two impacts. **2**

## खण्ड – च

## (मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न) (2+3 = 5)

**37.** **(i)** दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर दो स्थान 'A' और 'B' के रूप में अंकित किए गए हैं। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

(a) वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने नमक कानून तोड़ा। **1**

(b) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1927 में हुआ था। **1**

**(ii)** भारत के इसी राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइये और उनके नाम लिखिए : **(3×1 = 3)**

(a) हीराकुड – बाँध **1**

(b) मुंबई – सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क **1**

(c) राजा सांसी – अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन **1**

(d) नरौरा – परमाणु ऊर्जा संयंत्र **1**

**नोट** : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए **प्रश्न संख्या 37 के स्थान पर** हैं। **(5×1 = 5)**

**किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(i) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महात्मा गाँधी ने नमक कानून तोड़ा। **1**

(ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1927 में हुआ। **1**

(iii) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ हीराकुड बांध स्थित है। **1**

(iv) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ मुम्बई सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क स्थित है। **1**

(v) उस राज्य का नाम लिखिए जहां राजा सांसी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थित है। **1**

(vi) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नरौरा परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है। **1**

## SECTION – F

**(Map Skill Based Questions)** **(2+3 = 5)**

**37. (i)** Two places 'A' and 'B' have been marked on the given Political outline map of India. Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them :

(a) The place where Mahatma Gandhi broke the salt law. **1**

(b) The place where Session of Indian National Congress was held in 1927. **1**

**(ii)** On the same Political outline map of India, locate and label **any three** of the following with suitable symbols : **(3×1 = 3)**

(a) Hirakud – Dam **1**

(b) Mumbai – Software Technology Park **1**

(c) Raja Sansi – International Airport **1**

(d) Naraura – Nuclear Power Plant **1**

**Note :** The following questions are for the Visually Impaired Candidates only, **in lieu of Q. No. 37.** **(5×1 = 5)**

**Answer any five questions :**

(i) Name the place where Mahatma Gandhi broke salt law. **1**

(ii) Name the place where the Indian National Congress Session was held in 1927. **1**

(iii) Name the state where Hirakud dam is located. **1**


(iv) Name the state where Mumbai Software Technology Park is located. **1**

(v) Name the state where Raja Sansi International Airport is located. **1**

(vi) Name the state where Naraura Nuclear Power Plant is located. **1**

**प्रश्न संख्या 37 के लिए मानचित्र**

**Map for Q. No. 37**




✂ Cut Here यहाँ से काटें ✂ Cut Here यहाँ से काटें ✂ Cut Here यहाँ से काटें